# निवेशकों के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही होगी तेज

**लखनऊ।** प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्रों में इकाई लगाने के लिए भूमि आवंटन की कार्यवाही तेज की जाएगी। यूपीसीडा ने एक साथ 14 जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आवंटन की कार्यवाही शुरू की है। नए साल में सात जनवरी तक निवेशकों को प्लॉट आवंटित करने की योजना है।



## बाराबंकी समेत 14 जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि आवंटन के लिए मांगे गए आवेदन

## ई-ऑक्शन से होगी पूरी कार्यवाही, नए साल में निवेशकों को मिलेगी भूखंड की सौगात

प्रदेश सरकार ने निवेशकों को औद्योगिक इकाई की स्थापना के लिए पारदर्शी तरीके से भूमि आवंटन की ई-ऑक्शन प्रणाली पर काम शुरू किया है। अलग-अलग क्षेत्रों में ई-ऑक्शन का शुरुआती प्रयोग सफल होने के बाद 14 औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध भूखंडों के लिए एक साथ आवेदन मांगे गए हैं। यूपीसीडा के अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, बागपत, बाराबंकी, बुलंदशहर, चंदौली, देवरिया, एटा, गाजियाबाद, हरदोई, कानपुर, प्रयागराज व सहारनपुर जिलों के औद्योगिक क्षेत्रों में भूखंड के लिए आवेदन किया जा सकता है।

जानकारी के मुताबिक 28 दिसंबर तक निवेशक भूखंड के आवेदन कर सकते हैं। 7 जनवरी को ई-ऑक्शन का कार्यक्रम तय है। आवेदन से लेकर भूखंड आवंटन तक पूरी कार्यवाही ऑनलाइन होगी। औद्योगिक विकास विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि भूखंड आवंटन से कई हजार करोड़ रुपये के निवेश से जुड़े प्रोजेक्ट की स्थापना हो सकेगी। कई बड़े प्रोजेक्ट औद्योगिक रूप से पिछड़े पूर्वांचल क्षेत्र में प्रस्तावित हैं। ब्यूरो